श्री अफाक अहमद खान, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-1/212/449 से उद्भूत आश्वासन संख्या-02 से संबंधित अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन / आश्वासन	अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन
क्या मंत्री, Water Resources Department विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः (क) क्या यह सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड के सरवां पंचायत के ग्राम सरवां खास से गुलसकरी नदी बहती है; (ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी के पश्चिम छोर पर एक बड़ा कब्रिस्तान है जहां कई पंचायत के लोग मुर्दा दफन करते हैं; (ग) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में नदी के जल स्तर बढ़ने से कब्रिस्तान के चहारदीवारी का बड़ा भाग नदी में गिर गया और क्षतिग्रस्त हो गया है; (घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाराचट्टी प्रखंड के सरवां खास नदी के किनारे कब्रिस्तान के समीप गार्डवल/ तटबंध बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि गयाजी जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड के सरवां पंचायत के ग्राम-सरवांखास के समीप गुलसकरी नदी के बॉये तट पर प्रश्नगत कब्रिस्तान है । कब्रिस्तान के पूर्वी भाग में निर्मित नई चहारदीवारी लगभग 20 मी0 की लम्बाई में क्षतिग्रस्त है, जो गुलसकरी नदी से लगभग 10 मीटर की दूरी पर है। प्रश्नगत स्थल पर नदी के द्वारा कोई कटाव नहीं है । कब्रिस्तान के चहारदीवारी का निर्माण एवं रख-रखाव जिला प्रशासन द्वारा कराया जाता है। **आश्वासनः- कब्रिस्तान की चहारदीवारी के जो क्षतिग्रस्त है उसकी मरम्मति का मामला जिला प्रशासन देखती है हमलोग भी उनको लिख देंगे।**	वस्तुस्थिति यह है कि गयाजी जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड के सरवां पंचायत के ग्राम-सरवांखास के समीप गुलसकरी नदी के बॉये तट पर अवस्थित कब्रिस्तान के क्षतिग्रस्त चहारदीवारी के मरम्मती हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाराचट्टी को पत्र लिखा गया है। अतः इसे लंबित आश्वासन की सूची से विलोपित किया जा सकता है ।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2026..... पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, बिहार विधान परिषद सचिवालय, पटना के पत्रांक–493(6) दिनांक–10.04.2026 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–1 / 212 / 449 से उदभूत् आश्वासन सं0–02 का अनुमोदित अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित एवं अनुरोध है कि इसे लंबित आश्वासन की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2026..... पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2026..... पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, बाढ़ मो0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0प0–05–02 / 2026.....5748..... पटना / दिनांक :.....30/9/2026.....

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 ~~सेन्टर~~, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव